# मल्टी कार्गो टर्मिनल बनाने के लिये 617 हरे पेड़ काटने की कार्रवाई शुरू करने पर जवाब मांगा

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने सांभर-फुलेरा तहसील के हिरनोदा में रेलवे की गति शक्ति योजना के तहत मल्टी कार्गो टर्मिनल बनाने के लिए 565 खेजड़ी सहित कुल 617 पेड़ काटने की कार्रवाई शुरू करने पर मुख्य सचिव, पर्यावरण निदेशक, अतिरिक्त कलेक्टर और सांभर लेक के एस.डी.ओ. व तहसीलदार सहित विकासकर्ता फर्म से जवाब तलब किया है। मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव और जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश मेरीडियन फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से दायर जनहित याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

**■ यह पेड़ काटने की अनुमति, पांच गुणा, यानी की 3085 पेड़ लगाने की शर्त पर दी गई थी। जबकि तहसीलदार ने 7 अगस्त को उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर कंपनी की ओर से केवल 500 पेड़ लगाने की जानकारी दी**

याचिका में कहा गया कि रेलवे की गति शक्ति योजना के तहत हिरनोदा में मल्टी कार्गो टर्मिनल बनाया जाना प्रस्तावित है। यह टर्मिनल हस्ती पेट्रो केमिकल एंड शिपिंग लि. की ओर से बनाया जा रहा है। जिस जमीन पर यह टर्मिनल बनाया जाएगा, वहां राज्य वृक्ष खेजड़ी के 565 सहित कुल 617 हरे पेड़ मौजूद थे। इन्हें हटाने के लिए कंपनी की ओर से सांभरलेक के उपखंड अधिकारी को प्रार्थना पत्र पेश कर अनुमति मांगी गई। गत 4 जुलाई को ए.डी.एम. ने इन पेड़ों को काटने की सशर्त अनुमति दे दी। इसमें एक शर्त यह भी थी कि कंपनी काटे गए पेड़ों के बदले दस फीट ऊंचाई के पांच गुणा पेड़ लगाएगी। याचिका में कहा गया कि पेड़ काटने की अनुमति देने से पहले ऐसा कोई विकल्प नहीं तलाशा गया, जिससे कम से कम पेड़ काटे जा सकते हों। इसके अलावा पेड़ काटने की अनुमति, पांच गुणा, यानी की 3085 पेड़ लगाने की शर्त पर दी गई थी। जबकि तहसीलदार ने 7 अगस्त को उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर कंपनी की ओर से पांच सौ पेड़ लगाने की जानकारी दी गई। याचिका में गुहार की गई कि पेड़ काटने के लिए दी। एन.ओ.सी. और प्रशासन की ओर से पेड़ काटने के लिए जारी नीलामी आदेश को रद्द किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

# सड़कों के साथ होगी ड्रेनेज की प्लानिंग : दिया कुमारी



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गुरुवार को विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर पाँच और 12 में उच्च जलाशयों का शिलान्यास किया। इस दौरान सांसद मंजू शर्मा भी मौजूद थीं।

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है की प्रदेश में सड़कों के साथ बेहतरीन ड्रेनेज और सीवरेज सिस्टम विकसित करना सरकार की प्राथमिकता है। इससे जलभराव और बार बार सड़क टूटने की समस्या से निजात मिलेगी। सरकार इसके लिए बेहतरीन प्लान बना कर काम कर रही है। उपमुख्यमंत्री गुरुवार को विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर पाँच और 12 में उच्च जलाशयों के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। उप मुख्यमंत्री ने विधिवत पूजा अर्चना कर वार्ड 12 बैनाड रोड पवनपुरी में तथा वार्ड 5 पार्षद कार्यालय के सामने बढ़ारणा में उच्च जलाशयों का शिलान्यास किया।

उप मुख्यमंत्री ने कहा की इन उच्च जलाशयों के बनने से क्षेत्र की जनता को निर्बाध रूप से पानी मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पेयजल की गंभीर समस्या थी इन जलाशयों के बनने से उस समस्या का समाधान हो जाएगा।

गोरतलब है की बीसलपुर योजना के तहत वार्ड नंबर 5 के बढ़ारणा में 7 लाख लीटर और वार्ड 12 में 20 लाख लीटर क्षमता के उच्च जलाशयों का निर्माण करवाया जा रहा है। इन उच्च जलाशयों का निर्माण कार्य मार्च 2025 और अगस्त 2025 तक पूरा किया जाना है।

**■ वार्ड 5 और 12 की लगभग 60 हजार आबादी को मिलेगा बीसलपुर का पानी**

उच्च जलाशय से वार्ड नंबर पाँच की जीडीए स्कीम क्वार्टर, सूर्य नगर विस्तार, गौतम विहार, गंगा विहार, जीडीए कॉलोनी, कुमावत कॉलोनी, श्रीराम नगर कच्ची बस्ती, रोड नंबर 17 मैन मार्केट, श्रीराम विहार विस्तार, ध्वज नगर, गुलाबबाड़ी, प्रेमनगर एस एवं डी ब्लॉक, देविका नगर, यादव मार्केट, युवराज विहार, विशाल नगर, श्रीराम विहार, उद्योग विहार कॉलोनियों की लगभग 20,000 आबादी को निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

इसी प्रकार वार्ड 12 की पवनपुरी में बनने वाले उच्च जलाशय से बालाजी नगर, गणेश नगर, महेश नगर, अक्षयपात्र एंक्लेव, ओलमपुया सिटी कॉलोनी, शंकर विहार कॉलोनी, पवनपुरी, गोपाल वाटिका, राज रेजीडेंसी, उदय नगर, रामेश्वरम, कानोडिया कॉलोनी, बालाजी विहार, गणेश नगर, चमत्कार नगर, तिरुपति नगर, मोहन वाटिका आदि इन कॉलोनियों के लगभग 38,000 लोग लाभान्वित होंगे।

कार्यक्रम में सांसद मंजू शर्मा, चेयरमैन रश्मि सैनी, राजेंद्र सैनी, भँवर सिंह, अर्चना शर्मा, सुनील शर्मा, एसई बीसलपुर प्रोजेक्ट सुधीर वर्मा, एक्सईएन श्याम सिंह, ताराचंद शर्मा, मंदिप सिंह हुड़ील, नेमीचन्द सेन, वीरेंद्र हुड़ील, महेंद्र ओला, सुनील करोड़िया, रोहिताश सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस के झूठ और धोखा देने वाली राजनीति को हरियाणा की जनता समझ चुकी है : डॉ. पूनिया

**सिरसा/ ऐलनाबाद।** भाजपा हरियाणा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने गुरुवार को ऐलनाबाद विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी अमीर चंद मेहता का नामांकन कराया। नामांकन के बाद डा. पूनिया ने नामांकन सभा को भी संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने ऐलनाबाद की जनता से भाजपा प्रत्याशी अमीरचंद को विजयी बनाने की अपील की। यहा डा. पूनिया ने कांग्रेस को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के झूठ और धोखा देने वाली राजनीति को हरियाणा की जनता समझ चुकी है और इस विधानसभा चुनाव में भी जनता कांग्रेस का सूपड़ा साफ करने वाली है। डा. पूनिया ने मोदी सरकार और नायब सरकार की उपलब्धियां भी गिनवाई।

**■ भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने ऐलनाबाद विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी अमीर चंद मेहता का कराया नामांकन**

डा. सतीश पूनिया ने कहा कि 10 वर्षों में मोदी और हरियाणा की डबल इंजन सरकार ने गरीब, युवा, किसान और महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में काम किया है। हरियाणा की भाजपा सरकार ने युवाओं को बिना खर्ची और बिना पर्ची के नौकरियां देने का काम किया, जबकि कांग्रेस के समय में युवाओं को पर्ची और खर्ची से नौकरी मिलती थी। डा. पूनिया ने कहा कि केंद्री की मोदी सरकार और हरियाणा की भाजपा सरकार ने 10 सालों में हरियाणा के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया है। सड़कों का जाल बिछा है, जिस कारण कई घंटों का सफर अब कुछ घंटों में तय हो रहा है।

डा. सतीश पूनिया ने कार्यकर्ताओं से आग्रह करते हुए कहा कि चुनाव में समय कम बचा है। आप सभी लोगों के पास जनता के बीच जाकर के लिए अनेकों उपलब्धियां हैं। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर घर-घर जाएं और भाजपा की सरकार के पक्ष में लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने हरियाणा की जनता से आव्हान करते हुए कहा कि म्हारा हरियाणा, नॉन स्टॉप हरियाणा के संकल्प की मजबूती के लिए प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाएं।

# अग्रिम जमानत रद्द करने के लिए प्रार्थना पत्र पेश

**जयपुर, (का.सं.)।** जिले के अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-4 में गोपालगढ़ दंगा प्रकरण में सीएम भजनलाल शर्मा को मिली अग्रिम जमानत को रद्द करने के लिए प्रार्थना पत्र पेश किया गया है। अदालत ने प्रार्थना पत्र की कॉपी संबंधित पक्षकारों को दिलाते हुए मामले की सुनवाई 24 सितंबर को रखी है।

सांवर मल चौधरी की ओर से दायर प्रार्थना पत्र में कहा गया कि मामले में सीबीआई ने एफआईआर दर्ज कर कई साल पहले आरोप पत्र पेश कर दिया है। इस एफआईआर में भजनलाल शर्मा ने अग्रिम जमानत के लिए अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र पेश किया था।

# दुष्कर्म मामले में व्यवसायी के खिलाफ एफ.आई.आर. रद्द

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म प्रकरण में टैंट व्यवसायी रवि जिंदल के खिलाफ विद्याधर नगर थाने में गत 29 अप्रैल को दर्ज एफ.आई.आर. को रद्द कर दिया है। अदालत ने कहा कि इस मामले में शिकायतकर्ता व पीड़िता ने एफ.आई.आर. को रद्द करने का आग्रह किया है। मामले के जांच अधिकारी ने भी पीड़िता के अतिरिक्त बयानों का रिकॉर्ड पेश किया है। ऐसे में आरोपी के खिलाफ दर्ज एफ.आई.आर. को रद्द किया जाता है। जस्टिस नरेन्द्र सिंह ने यह आदेश रवि जिंदल व शिकायतकर्ता की याचिकाओं को मंजूर करते हुए दिया।

सुनवाई के दौरान अदालत के सामने आया कि पीड़िता ने अपने बयानों में कहा है कि रवि जिंदल ने उसके साथ कोई गलत काम नहीं किया है और वह मामले में कोई कार्रवाई भी नहीं चाहती। रवि जिंदल ने भी अपनी याचिका में एफ.आई.आर. रद्द करने की गुहार की। दरअसल शिकायतकर्ता ने विद्याधर नगर पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कर रवि जिंदल पर आरोप लगाया था कि उसने उसकी नाबालिग दोहिती के साथ अप्रैल 2024 में जबरदस्ती कर गलत काम किया है। बाद में पॉक्सो कोर्ट में शिकायतकर्ता व पीड़िता द्वारा मामले में जिंदल के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं चाहने का प्रार्थना पत्र दायर किया। जिसमें कहा कि जिंदल ने पीड़िता के साथ कभी भी छेड़छाड़, मारपीट व दुष्कर्म नहीं किया। आपसी मनमुटाव के कारण उसने रवि जिंदल पर अपनी दोहिती से दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। मामले पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने मामले में दर्ज एफ.आई.आर. को रद्द कर दिया है।

# युवा कांग्रेस की लड़ाई खुलकर सड़कों पर आई

**जयपुर, (का.प्र.)।** युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया और प्रदेश प्रभारी मोहम्मद शाहिद के बीच चल रही अनबन अब खुलकर सामने आ गई है। यह लड़ाई सामने आई जब तीन जिलाध्यक्षों को निष्कासित करने पर प्रदेश प्रभारी ने पूनिया को कारण बताओं नोटिस जारी कर दिया।

अध्यक्ष पूनिया ही नहीं बल्कि उनके करीबी संगठन महामंत्री अरबाब खान को भी कारण बताओं नोटिस जारी करके तीन दिन के भीतर जवाब मांगा गया है। संगठन के व्हाट्सएप ग्रुप में भी प्रदेश प्रभारी ने दोनों को फटकार लगाई है। दो दिन पहले प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया ने तीन जिलाध्यक्षों को निष्क्रिय बताकर पदमुक्त कर दिया था। इसके बाद ही मोहम्मद शाहिद ने प्रभारी और सहप्रभारी की जानकारी में लाए बिना तीन जिला अध्यक्षों को निष्कासित करने के मामले में दोनों नेताओं को नोटिस जारी कर दिया। साथ ही व्हाट्सएप ग्रुप में भी लिखा कि आपके गैर जिम्मेदाराना व्यवहार को लेकर कारण बताओं नोटिस जारी किया जाता है। आज के बाद कोई भी सूची सिर्फ प्रदेश प्रभारी और सह प्रभारी के हस्ताक्षर और उनके लेटर हेड पर ही जारी होगी।

# रामदेव जयन्ती एवं तेजा दशमी पर शुभकामनाएं

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रामदेव जयन्ती एवं तेजा दशमी (13 सितम्बर) के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

उन्होंने कहा कि बाबा रामदेव और वीर तेजाजी ने अपना पूरा जीवन लोक कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। बाबा रामदेव जी सामाजिक समरसता स्थापित करने, दीन-दुखियों व असहाय लोगों की मदद करने के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहे, वहीं वीर तेजाजी ने गायों की रक्षा के लिए अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिए।

उन्होंने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से बाबा रामदेव जी और वीर तेजाजी के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हम सभी को भाईचारे की भावना को मजबूत करने, भेदभाव तथा निरीह जीव-जन्तुओं की रक्षा करने का संकल्प लेकर प्रदेश की उन्नति एवं खुशहाली में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।

# ऋण के लिये 31 अक्टूबर तक किये जा सकेंगे आवेदन

**जयपुर।** राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सफाईकर्मचारी वर्ग, अन्य पिछड़ा एवं दिव्यांगजनों को विभिन्न उद्योगों, व्यवसाय एवं सेवा कार्य में आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु आनलाइन आवेदन अब 31 अक्टूबर तक किये जा सकेंगे।

# देश विरोधी ताकतों के पक्ष में बयान दे रहे हैं राहुल गांधी : जितेंद्र गोठवाल

**जयपुर।** विदेश में भारत की प्रतिष्ठा धूमिल करने और आरक्षण विरोधी वक्तव्य के बाद देशभर में राहुल गांधी के बयान की घोर निंदा की जा रही है। भाजपा महामंत्री और विधायक जितेंद्र गोठवाल के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के एसटी-एससी मोर्चा की ओर से आज अंबेडकर सर्किल पर राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया।



भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल के नेतृत्व में एसटी-एसटी मोर्चा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया।

विरोध प्रदर्शन के दौरान भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पंकज मीणा, भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नारायण मीणा, प्रदेश उपाध्यक्ष महेश मीणा, एसटी मोर्चा प्रदेश मंत्री कालू राम मीणा, एससी मोर्चा के महामंत्री मुकेश गर्ग, पार्षद जितेंद्र लोदिया सहित भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि राहुल गांधी जब जब भी विदेश यात्रा पर गए, तब तब वे विदेशी अखबारों में सुर्खिया बटोरने के लिए देश की आलोचना करने से भी पीछे नहीं रहे, लेकिन इस बार तो राहुल गांधी ने हद कर दी और देश की आलोचना के साथ-साथ देश विरोधी ताकतों का पक्ष लिया। इतना ही नहीं, खालिस्तान की मांग करने वालों का बयान तक आया कि राहुल गांधी भी हमारे पक्ष की बात कर रहे हैं।

गोठवाल ने कहा कि राहुल गांधी ने विदेश में जाकर धर्म को धर्म से, जाति को जाति से तोड़ने का बयान दिया है। वहीं आरक्षण समाप्त करने जैसा बयान देकर देश के दलित, शोषित और वंचित वर्ग के साथ अन्याय करने का बयान दिया है। उन्होंने कहा कि देश में जब-जब चुनाव आए, कांग्रेस और इनके नेता आरक्षण देने की बात करते हैं लेकिन चुनाव समाप्त हो जाने के बाद आरक्षण को समाप्त करना का बयान देते हैं। राहुल गांधी द्वारा आरक्षण समाप्त करने के बयान दलित भाई-बहनों के अधिकार को मारने जैसा है। राहुल गांधी के बयान से ये साबित हो गया कि कांग्रेस पार्टी एसटी-एससी की हितैषी नहीं हो सकती। कांग्रेस का नकाब के पीछे का चेहरा जनता के सामने आ गया है।


## तीये की बैठक



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी **श्री सत्यप्रकाश सैनी** का स्वर्गवास 11.09.2024 को हो गया। तीये की बैठक 13.09.2024 को सांय 4:00 से 5:00 बजे पतासे वाली बगीची, मोती डूंगरी रोड, जयपुर पर होगी।
**शोकाकुल-** चन्दा देवी (धर्मपत्नी), दामोदर, गणपत (भ्राता), राजेश, नरेश (पुत्र) गजेन्द्र, सुरेश, मुकेश (भतीजे), नेहा, मनु, हनी, गोलू, लवी, वर्षा, शालु, सिया (पौत्र, पौत्री) एवं समस्त मोरा के मावर परिवार।
मो.- 9314191034, 9667252873

## नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।



**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक:3827 **जाहिर आम-सूचना** दिनांक:09.09.2024
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास / फ्लैट संख्या 26/11/B-4/301 (3-F) (HIG), (एरिया 48.56 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री गिरिराज कलकल्या पुत्र स्व. श्री राम नारायण कलकल्या को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 4552 दिनांक 30.06.2015 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 7761 दिनांक 20.08.2015 को जारी किया गया। श्री गिरिराज कलकल्या की मृत्यु दिनांक 29.02.2024 को हो जाने के कारण अपंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर इनकी पौत्री कुमारी रिशिता गुप्ता पुत्री श्री मनोज गुप्ता द्वारा उक्त आवास / फ्लैट को अपने नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास / फ्लैट के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं, कुमारी रिशिता गुप्ता पुत्री श्री मनोज गुप्ता का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत-प्रथम राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक:3860 **जाहिर आम-सूचना** दिनांक:11.09.2024
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 163/119 (LIG) का आवंटन श्री संजीव बंसल पुत्र श्री प्यारे लाल बंसल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1204 दिनांक 08.07.2003 को जारी किया गया था। उनके पक्ष में पंजीयन पत्रों निष्पादन दिनांक 24.03.2004 को उप पंजीयक सांगानेर जयपुर के यहां पंजीकृत करवाया गया। श्री संजीव बंसल द्वारा उक्त आवास को श्रीमती भगवान देवी पत्नी श्री मुन्नीलाल शर्मा को विक्रय कर इनके पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 29.01.2009 को उप पंजीयक सांगानेर-द्वितीय जयपुर, में पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती भगवान देवी द्वारा आवासन मण्डल मे अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर मण्डल रिकार्ड में इस कार्यालय के कार्यालय आदेश क्रमांक 5422 दिनांक 06.02.2009 के द्वारा इनका नाम दर्ज किया गया। श्रीमती भगवान देवी की मृत्यु दिनांक 24.11.2023 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री नीरज शर्मा पुत्र स्व. श्री मुन्नीलाल शर्मा द्वारा आवासन मण्डल मे अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। अतः उक्त आवास का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं, श्री नीरज शर्मा पुत्र स्व. श्री मुन्नीलाल शर्मा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। भवदीय
सम्पदा प्रबन्धक, राज. आवा. मण्डल, वृत-प्रथम, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर

**राजस्थान राज्य सहकारी आवासन संघ लि., जयपुर**
5वीं व 6ठीं मंजिल, नेहरू सहकार भवन, 22 गोदाम सर्किल, जयपुर
Phone:0141-2741805, E-mail: rschfjaipur@yahoo.com
क्रमांक-1124/24 दिनांक-11/09/2024
**आम सूचना**
आवासन संघ की आवासीय योजना सहयोग अपार्टमेंट विद्याधर नगर, सेक्टर-6, जयपुर का फ्लैट संख्या-टी-1-ए-156-द्वितीय तल, प्रथम आवंटी श्री अरविन्द मोहन रतूड़ी से श्री विजय कुमार शुक्ला पुत्र श्री रविन्द्र शंकर शुक्ला द्वारा क्रय किये जाने पर विक्रय 16.06.2005 को उपरोक्त फ्लैट उनके नाम ट्रांसफर किया गया था। अब उपरोक्त फ्लैट निशिता मोदी पुत्री श्री गोपालकृष्ण मोदी ने मय रजिस्ट्री के दिनांक 28.03.2016 को श्री विजय कुमार शुक्ला से क्रय कर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर अपने नाम ट्रांसफर कराने हेतु निवेदन किया गया है। जिस किसी को उक्त फ्लैट पर आपत्ति हो तो संघ कार्यालय में 15 दिवस में प्रमाण सहित प्रस्तुत करें, अन्यथा उक्त फ्लैट संख्या-टी-1-ए-156, द्वितीय तल, निशिता मोदी पुत्र श्री गोपालकृष्ण मोदी के नाम हस्तांतरण कर दिया जावेगा।
(ज्योति गुप्ता) प्रबंध निदेशक

**आम सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रस्तावित रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट "त्रिमूर्ति विलास" खसरा नः 989/1332, 990/1330, 995, 996, 997, 998, 999, 1000/1325, 1001/1323, विलेज- खीजूरिवास, तहसील- तिजारा & डिस्ट्रिक्ट - अलवर, राजस्थान. जिसका भूखंड क्षेत्र 27,993.76 वर्ग मीटर तथा निर्मित क्षेत्र 29,917 वर्ग मीटर है पर भवन निर्माण की पर्यावरण स्वीकृति राज्य पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA) से पत्र संख्या F1(4)/ (SEIAA) /SEAC-Raj/ Sectt/ Project/Cat.8a(0236)/ 2023-24 दिनांक 02/07/ 2024 को प्रदान कर दी गई है। सहमति प्रपत्र की प्रति पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA) के पास उपलब्ध है।
त्रिमूर्ति प्रॉजेक्ट डेवेलपर्स प्राइवेट लिमिटेड

**कार्यालय उपायुक्त, (विद्याधर जोन) नगर निगम ग्रेटर जयपुर**
(अम्बाबाडी सामुदायिक केन्द्र, अम्बाबाडी सर्किल, जयपुर)
क्रमांक:-एफ.55 ( ) वि.जोन/ न.नि.ज.(ग्रे)/2024/1799
**सार्वजनिक सूचना** दिनांक:- 12/09/2024
भूखण्ड सं. 195 (दक्षिणी हिस्सा), झोटवाडा, जयपुर (गुलाब बाडी गृह निर्माण सहकारी समिति) का जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्रीमती कलावती पत्नी स्व. श्री रामस्वरूप के पक्ष में क्षेत्रफल 355.55 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था। मूल आवंटी ने रजि. विक्रय पत्र के द्वारा भूखण्ड लक्ष्मीनारायण चौधरी को बेचान किया एवं लक्ष्मीनारायण चौधरी ने श्रीमती नुपुर भार्गव पत्नी पंकज भार्गव को क्षेत्रफल 177.77 वर्गगज का बेचान किया गया। श्रीमती नुपुर भार्गव की मृत्यु पश्चात् शेष वारिसानों के द्वारा हकत्याग आवेदक पंकज भार्गव के पक्ष में करने एवं उप विभाजन के आधार पर भूखण्ड सं. 195 (दक्षिणी हिस्सा), झोटवाडा, जयपुर (गुलाब बाडी गृह निर्माण सहकारी समिति) का नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड के नाम हस्तान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी। उपायुक्त
विद्याधर नगर जोन नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत- प्रथम राजस्थान आवासन मंडल, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक: 3796 **जाहिर आम सूचना** दिनांक: 06.09.2024
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास / फ्लैट संख्या 191/388 (MIG-B) का आवंटन श्री दीना नाथ शर्मा पुत्र श्री जय शंकर शर्मा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1069 दिनांक 09.03.2005 को जारी किया गया था। उनके पक्ष में पंजीयन पत्रों निष्पादन दिनांक 14.12.2015 को उप पंजीयक सांगानेर-द्वितीय जयपुर के यहां पंजीकृत करवाया गया। श्री दीना नाथ शर्मा द्वारा उक्त आवास को श्रीमती अनिता कुलश्रेष्ठ पत्नी श्री सतीश चन्द्र कुलश्रेष्ठ को विक्रय कर इनके पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 12.07.2017 को उप पंजीयक (चतुर्थ) जयपुर, में पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती अनिता कुलश्रेष्ठ द्वारा उक्त आवास को श्रीमती रेखा शर्मा पत्नी श्री मनोज कुमार व्यास को विक्रय कर इनके पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 22.06.2022 को उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम जयपुर में पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/क्रेती श्रीमती रेखा शर्मा पत्नी श्री मनोज कुमार व्यास द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास पर अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बावत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति /पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं, श्रीमती रेखा शर्मा पत्नी श्री मनोज कुमार व्यास का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
संपदा प्रबंधक, वृत प्रथम, राज. आ. मण्डल, जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल वृत प्रथम प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांकः-3795 दिनांकः-06/09/24
**जाहिर आम-सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल कीप्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 182/79 (MIG-A), (एरिया 91.50 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री नरहरि गौतम पुत्र स्व.श्री राम सहाय शर्मा को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 789 दिनांक 04.03.2005 को जारी किया गया। श्री नरहरि गौतम के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 03.04.2007 को उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री नरहरि गौतम द्वारा उक्त आवास का विक्रय दिनांक 07.042007 को श्री मुकुन्द मोहन अग्रवाल पुत्र श्री मुरली मनोहर अग्रवाल क नाम किया जाकर विक्रय पत्र उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम-जयपुर मे पंजीकृत करवाया गया। श्री मुकुन्द मोहन अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 01.05.2021 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती सरला अग्रवाल पत्नी स्व.श्री मुकुंद मोहन अग्रवाल द्वारा उक्त आवंटन को अपने नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। श्रीमती सरला अग्रवाल के आवेदन करने पर कार्यालय आदेश क्रमांक 16074 दिनांक 08.03.2022 के द्वारा मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज किया गया। श्रीमती सरला अग्रवाल द्वारा उक्त आवास का विक्रय दिनांक 11.04.2022 को श्रीमती वन्दना शर्मा पत्नी श्री मुकेश चन्द्र के नाम किया जाकर विक्रय पत्र सब रजिस्ट्रार जयपुर-तृतीय में पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती वन्दना शर्मा द्वारा उक्त आवास का विक्रय दिनांक 04.09.2023 को श्रीमती मधु बंसल पत्नी श्री मनीष बंसल के नाम किया जाकर विक्रय पत्र उप पंजीयक-चतुर्थ, जयपुर में पंजीकृत करवाया गया। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपती हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7दिवस अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं,श्रीमती मधु बंसल पत्नी श्री मनीष बंसल का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, राज. आवा.मण्डल जयपुर

## खोया पाया

मेरा अनुपम विहार, जेडीए का प्लॉट नं. ए-93 को ओरिजनल अलोटमेंट लेटर एवं पजेशन लेटर महेश नगर, जयपुर के आसपास कहीं खो गया है। मिलने पर सूचित करें। इन्दू बाला गुर्जर 8290635691

सयुंक्त गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड, झोटवाडा जयपुर की योजना स्कीम नम्बर-6, जगदम्बा कॉलोनी, ढहर के बालाजी, जयपुर के भूखंड संख्या 62 का सोसाइटी द्वारा जारी पट्टा (आवंटन पत्र), साइट प्लान व रसीद कही खो गई है मिलने पर सूचित करें- पशुपति शर्मा 9829135422

मेरे भूखंड संख्या F-9/494-A चित्रकूट योजना सेक्टर 9 जयपुर का मूल कब्जा पत्र कही गुम हो गया है मिलने पर सूचित करे। नाम मंजू कंवर मोबाइल नंबर 9461551884

मेरी दुकान नं. 6 खूसर योजना, सीतापुरा, जयपुर का कब्जा पत्र कहीं खो गया। मिलने पर सूचित करें। मोहम्मद रफिक मो.- 9352663395

मेरी दुकान नं. 4 खूसर योजना, सीतापुरा, जयपुर का आवंटन पत्र कहीं खो गया। मिलने पर सूचित करें। हनुमान शर्मा- 9887519424

मेरा Flat No.-MB-1/902, प्रताप अपार्टमेन्ट, प्रताप नगर जयपुर के मूल आवंटन, कब्जा, भौतिक कब्जा पत्र, सैवन डेज लैटर, कहीं गुम हो गया है। मिलने पर सम्पर्क करें। उगन्ती देवी- 9887350558

मेरा मकान नं.161/106, प्रताप नगर, जयपुर का मूल आवंटन पत्र कहीं गुम हो गया है। मिलने पर सम्पर्क करें- रजनी देवनानी-8118898962

## नाम परिवर्तन

मै मैना देवी ठाकुरिया पत्नी श्री रामरतन ठाकुरिया 51क रेलवे स्टेशन रोड, बस्सी, जयपुर मैने अपना नाम मैना देवी से बदलकर मैना देवी ठाकुरिया रख लिया है भविष्य में मुझे मैना देवी ठाकुरिया के नाम से जाना जाए।

मै रामरतन ठाकुरिया पुत्र श्री रामप्रताप गुप्ता 51क रेलवे स्टेशन रोड, मालीराम हॉस्पिटल के पास, बस्सी, जयपुर मैने अपना नाम रामरतन गुप्ता से बदलकर रामरतन ठाकुरिया रख लिया है भविष्य में मुझे रामरतन ठाकुरिया के नाम से जाना जाए।

मै शेखर सिंहा, मेरा बेटा आर्मी नंबर 15208742L हवलदार समीर सिंहा, यूनिट 199 मीडियम रेजिमेंट , मेरे बेटे के मिलेट्री रिकॉर्ड में मेरी जन्म तारीख 01/07/1961 है जो की गलत है। मेरी सही जन्म तारीख 05/08/1961 है। शपथ पत्र नोटरी दिनांक 06 सितंबर 2024 जिला न्यायालय जयपुर

मै धनश्री योगेश जगदाळे, आर्मी नंबर 15209489F हवलदार जगदाळे योगेश ईश्वर की पत्नी हुं यूनिट 199 मीडियम रेजिमेंट , मेरे पति के सैन्य दस्तावेजों में मेरा नाम धनश्री है जो की गलत है, मेरा सही नाम धनश्री योगेश जगदाळे है,शपतपत्र नोटरी दिनांक 05 सितंबर 2024 जिला न्यायालय जयपुर

मै आर्मी नंबर 15209489F हवलदार जगदाळे योगेश ईश्वर यूनिट 199 मीडियम रेजिमेंट, मेरे सैन्य दस्तावेजों में मेरे बेटे का नाम ध्रुव है जो की गलत है, मेरे बेटे का सही नाम ध्रुव योगेश जगदाळे है शपतपत्र नोटरी दिनांक 05 सितंबर 2024 जिला न्यायालय जयपुर

मैने मेरा नाम हरीश कुमार से बदलकर हरीश कुमार शब्दानी रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। पता - इ-149, स्वणकार कॉलोनी, आरपीए रोड, पानीपेच, जयपुर, जयपुर, राजस्थान - 302016

I have changed my name from Alok Kumar to Alok Bhatt for all purposes R/o 10 Station Road Dudu Bagh Jaipur (Raj.)

I have changed my name Uzair Khan from Mohammed Uzair Khan. In future I will be known my new name Uzair Khan S/o Ilyas Khan R/o 58 Jagdish Colony, Mount Road, Chatri Wali Gali, Ramgarh Mod, Jaipur.

**कार्यालय नगर निगम ग्रेटर जयपुर**
(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर)
क्रमांक :- ज.स.अ./2024/127 दिनांक :- 12/09/2024
**निविदा सूचना सं. अधि0 अभि0 (मु0) 08 से 10/2024-25**
केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम के पंजीकृत निविदादाताओं से बिड अधि0 अभि0 (मु0) से सम्बन्धित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम ग्रेटर जयपुर की वेबसाईट **www.jaipurmc.org.com, eproc.rajasthan.gov.in** एवं State Public Procurement Portal Government of Rajasthan की वेबसाईट **http;//sppp.rajasthan.gov.in** के UBN No :- JMC2425WSOB00581 से JMC2425WSOB00583 पर देखी जा सकती है।
अधिशाषी अभियन्ता (मु0) नगर निगम जयपुर (ग्रेटर)
राज.संवाद/सी/24/5188

## शाखा का पता बदलने की सार्वजनिक सूचना

AU SMALL FINANCE BANK

सामान्य जन तथा **एयू स्मॉल फायनेन्स बैंक लिमिटेड (फिनकेयर यूनिट)** के ग्राहकों को यह जानकारी दी जाती है कि निम्न शाखाओं के पते में परिवर्तन होगा। शाखा में वर्तमान में चल रहे सभी अकाउन्ट्स/ट्रांजेक्शन वहीं रहेंगे। स्थान के नये पते तथा पुराने पते का विवरण, परिवर्तन के प्रभावी दिन के साथ, नोटिस में एनेक्चर-ए के रूप में संलग्न है। ग्राहकों से अनुरोध है कि अपने टांसजेक्शन के लिये शाखा प्रबन्धक से संपर्क करें/नये पते पर जाये।
और जानकारी के लिये कृपया हमारे पास आयें या निम्न ब्रांच के शाखा प्रबन्धक से संपर्क करें। शाखा प्रबन्धक का संपर्क नम्बर इस सूचना के साथ संलग्न एनेक्चर-ए में उपलब्ध है।
फिनकेयर स्माल फायनेन्स बैंक लिमिटेड।

"एनेक्सर-ए"

| शाखा | शाखा नाम | राज्य | पता बदलने की प्रभावी तिथी | पुराना पता फिनकेयर इकाई | नयी शाखा कोड | एयू शाखा लोकेशन | राज्य | एयू शाखा पता | एयू शाखा प्रबन्धक सम्पर्क नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10985 | मालवीय नगर जयपुर | राजस्थान | 23.09.24 | ग्राउन्ड फ्लोर, ई-66, गिरधर मार्ग, मालवीय नगर, जयपुर राजस्थान-302017 | 2550 | गिरधर मार्ग, जयपुर | राजस्थान | प्लाट नं.27, सुन्दर नगर, गिरधर मार्ग, मालवीय नगर, जयपुर-302017 | 9116636162 |